# SAARC हेतु संशोधित मुद्रा विनिमय ढाँचा

स्रोत: बिज़िनेस लाइन

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने **वर्ष 2024 से 2027** की अवधि के लिये SAARC (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) देशों के संदर्भ में मुद्रा विनिमय हेतु एक संशोधित ढाँचा लागू करने का निर्णय लिया है।

## मुद्रा विनिमय ढाँचा:

- **परिचय:**
  - करेंसी स्वैप अथवा मुद्रा विनिमय का आशय तरलता बनाए रखने के क्रम में दो देशों के बीच पूर्व निर्धारित नियमों एवं शर्तों के साथ मुद्राओं के आदान-प्रदान हेतु किया गया समझौता या अनुबंध है।
  - केंद्रीय बैंक और सरकारों द्वारा **अल्पकालिक विदेशी मुद्रा तरलता आवश्यकताओं** को पूरा करने के लिये अथवा **भुगतान संतुलन संकट से बचने के लिये** पर्याप्त विदेशी मुद्रा सुनिश्चित करने के क्रम में विदेशी समकक्षों के साथ मुद्रा विनिमय किया जाता है।
    - इन विनिमय समझौतों में **विनिमय दर** या अन्य बाज़ार संबंधी जोखिमों का कोई खतरा नहीं रहता है क्योंकि लेन-देन की शर्तें अग्रिम रूप से निर्धारित होती हैं।
- **SAARC के लिये स्वैप सुविधाओं हेतु RBI की रूपरेखा:**
  - SAARC मुद्रा विनिमय सुविधा पहली बार 15 नवंबर, 2012 को लागू हुई थी, जिसका उद्देश्य SAARC देशों की **अल्पकालिक विदेशी मुद्रा तरलता** आवश्यकताओं या भुगतान संतुलन संकटों के लिये दीर्घकालिक व्यवस्था होने तक वित्तपोषण की बैकस्टॉप लाइन प्रदान करना था।
  - RBI **2 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की समग्र निधि के भीतर स्वैप व्यवस्था की पेशकश कर सकता है।
  - स्वैप **अमेरिकी डॉलर, यूरो या भारतीय रुपए में किया** जा सकता है। इस ढाँचे में **भारतीय रुपए** में स्वैप के लिये कुछ रियायतें दी गई हैं।
  - यह सुविधा **सभी SAARC सदस्य देशों को उपलब्ध होगी**, बशर्ते वे द्विपक्षीय स्वैप समझौतों पर हस्ताक्षर करें।
- **नए ढाँचे में परिवर्तन:**
  - वर्ष 2024-27 की रूपरेखा के अंतर्गत, भारतीय रुपए में स्वैप समर्थन के लिये विभिन्न रियायतों के साथ एक **अलग INR (भारतीय रुपया) स्वैप विंडो शुरू की** गई है।
    - **रुपया समर्थन की कुल राशि 250 अरब रुपए है।**
  - RBI **2 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की समग्र निधि के साथ एक अलग अमेरिकी **डॉलर/यूरो स्वैप** विंडो के तहत **अमेरिकी डॉलर और यूरो में स्वैप व्यवस्था** की पेशकश जारी रखेगा।
- **अन्य द्विपक्षीय मुद्रा स्वैप समझौते:**
  - भारत-जापान
  - भारत-श्रीलंका

## दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC)

- **स्थापना:** सार्क की स्थापना **8 दिसंबर 1985** को **ढाका (बांग्लादेश)** में सार्क चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।
- **सदस्य देश:** अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान तथा श्रीलंका हैं।
- **सचिवालय:** काठमांडू,(नेपाल)
- **उद्देश्य: दक्षिण एशिया के लोगों के कल्याण** को बढ़ावा देना, उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना, तथा अन्य बातों के अतिरिक्त आर्थिक विकास में तीव्रता लाना।

# सार्क

## दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन



- **सदस्य :** 8
- **स्थापनाः** ढाका में सार्क चार्टर पर हस्ताक्षर द्वारा (दिसंबर 1985)
- **मुख्यालयः** काठमांडू, नेपाल
- **सार्क के 9 स्थायी पर्यवेक्षकः** ऑस्ट्रेलिया, चीन, यूरोपीय संघ, इरान, जापान, दक्षिण कोरिया, मॉरीशस, म्याँमार और अमेरिका
- विश्व के क्षेत्रफल का 3%, विश्व की जनसंख्या का 21% और वैश्विक अर्थव्यवस्था का 3.8% शामिल है।
- **सार्क के अंतर्गत समझौतेः** SAPTA, SAFTA, SATIS, SAARC यूनिवर्सिटी



### अफगानिस्तान

- यह तेल और खनिज संपन्न मध्य एशियाई गणराज्यों के लिये **भारत का प्रवेश द्वार** है।
- अफगानिस्तान में अफगानिस्तान-भारत मैत्री बाँध (सलमा बाँध) है।
- वर्ष 2002 से 2021 तक भारत ने अफगानिस्तान में विकास सहायता में 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किये, हाई-विजिबिलिटी प्रोजेक्ट्स जैसे राजमार्ग, अस्पताल, संसद भवन, ग्रामीण स्कूल और विद्युत ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण किया।
- अफगानिस्तान का आतंकवाद के लिये सुरक्षित पनाहगाह बनना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये सीधा खतरा है।

### नेपाल

- 5 भारतीय राज्यों (उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और बिहार) के साथ सीमा साझा करता है।
- भारत के अयोध्या और नेपाल के जनकपुर को जोड़ने वाली भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन।
- **प्रमुख मुद्देः** प्रादेशिक विवाद (कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख)।
- **सैन्य अभ्यासः** सूर्य किरण (सेना)।

### भूटान

- भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।
- **पारस्परिक रूप से लाभकारी जलविद्युत सहयोगः** मंगदेछु, खोलोंगछु, चूखा जलविद्युत परियोजनाएँ।
- ग्यालसुंग परियोजना के लिये भारत की अनुदान सहायता।
- भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के साथ भूटान के ड्रुकरेन (DrukREN) का एकीकरण।

### पाकिस्तान

- भारत-पाक राजनयिक संबंध काफी सीमित हैं और समय-समय पर संबंधों को सुधारने के प्रयास अक्सर असफल होते रहते हैं।
- पुलवामा आतंकवादी **हमले** (2019) के बाद भारत ने पाकिस्तान के **मोस्ट फेवर्ड नेशन** (MFN) का दर्जा रद्द कर दिया।
- सिंधु जल संधि 1960 को अक्सर दक्षिण एशिया में सबसे सफल अंतर्राष्ट्रीय संधियों में से एक के रूप में उद्धृत किया जाता है।
- प्रमुख मुद्दे-
  - सीमा पार आतंकवाद, कश्मीर मुद्दा, CPEC भारत की संप्रभुता को प्रभावित कर रहा है

### बांग्लादेश

- भारत के साथ **4,096 किमी** से अधिक की **सबसे लंबी सीमा** साझा करता है।
- दक्षिण एशिया में **सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार**।
- **जल बँटवारे संबंधी समझौतेः** कुशियारा नदी (2022), गंगा जल संधि (1996)।
- **प्रमुख मुद्देः** तीस्ता नदी जल विवाद।
- **सैन्य अभ्यासः** संप्रीति-X (सैन्य प्रशिक्षण), बोंगोसागर (नौसेना)।

### मालदीव

- भारत मालदीव का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।
- **भारत के साथ अभ्यास** - एकुवेरिन, दोस्ती, एकता और ऑपरेशन शील्ड।
- एक भारतीय कंपनी द्वारा **ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट** मालदीव में अब तक की सबसे बड़ी इन्फ्रा परियोजना है।
- प्रमुख मुद्दे-
  - मालदीव चीन के मोतियों की माला में एक महत्वपूर्ण 'मोती' है।
  - मालदीव के लोग पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों की ओर बढ़ रहे हैं।
  - भारत को दबंग और बड़े भाई के रूप में पेश किया जा रहा है - **'इंडिया आउट' अभियान**।

### श्रीलंका

- भारत श्रीलंका का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।
- भारत आईएमएफ में श्रीलंका के ऋण पुनर्गठन कार्यक्रम का आधिकारिक रूप से समर्थन करने वाला पहला देश है।
- **प्रमुख मुद्दाः** समुद्री सीमा पार कर रहे मछुआरे।
- **महत्वपूर्ण अभ्यासः** मित्र शक्ति (सेना), SLINEX (नौसेना)।

Drishti IAS

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ???????????:

**प्रश्न. भारत के संदर्भ में, मुद्रा संकट के जोखिम को कम करने में निम्नलिखित में से किस/किन कारक/कारकों का योगदान है? (2019)**

1. भारत के IT सेक्टर के विदेशी मुद्रा अर्जन का
2. सरकारी व्यय के बढ़ने का
3. विदेशस्थ भारतीयों द्वारा भेजे गए धन का

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

---

### ??????:

**प्रश्न. "भारत में बढ़ते हुए सीमापारीय आतंकी हमले और अनेक सदस्य-राज्यों के आंतरिक मामलों में पाकिस्तान द्वारा बढ़ता हुआ हस्तक्षेप सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के भविष्य के लिये सहायक नहीं है।" उपयुक्त उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिये।**

**(2016)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/revised-currency-swap-framework-for-saarc